प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. देवघर में पुराना तीन मंजिला मकान गिरने से दो व्यक्तियों की मौत,मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका, राहत और बचाव कार्य जारी।
2. झारखंड समेत देशभर में रथ यात्रा की धूम, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बधाई।
3. हेमन्त सोरेन सरकार कल विधानसभा के विशेष सत्र में पेश करेगी विश्वास मत, कल ही हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार, तैयारियों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की बैठक आज।
4. स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यूजी काउंसिलिंग स्थगित किए जाने के समाचार को बताया फर्जी, कहा– काउंसलिंग कार्यक्रम की अभी तक नहीं की गई है घोषणा।

****

देवघर के शिवगंगा तट से सटे एक पुराना तीन मंजिला मकान का उपरी दो तल आज सुबह तेज आवाज के साथ गिर गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका है। देवघर जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर दो बच्चों और एक महिला को निकाल कर अस्पताल भेजा जा चुका है। अन्य लोगों को मलबे से बाहर निकालने का कार्य जारी है।

****

हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार कल शाम होना है। इससे पहले राज्य सरकार कल विधानसभा में आहूत विशेष सत्र में अपना बहुमत हासिल करेगी। सत्र के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे से राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा। सरकार में शामिल सभी मंत्री आयोजित समारोह में एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंत्रियों की सूची कल सुबह तक राजभवन भेजे जाने की सूचना है। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा सरकार को विश्वासमत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विश्वास मत में सरकार को घेरने और उसका जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक दल की बैठक आज होगी।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा है कि कार्यकर्ताओं के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। श्री मरांडी कल हजारीबाग में कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह सह विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव समेत कई नेता उपस्थित हुए।

****

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पैकेट बंद खाद्य पदार्थों पर चीनी, नमक और संतृप्त वसा संबंधी जानकारी स्पष्ट अक्षरों में अंकित करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में कल लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व चंद्र ने की।

****

स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यूजी काउंसिलिंग स्थगित किए जाने के समाचार को फर्जी बताते हुए कहा है कि काउंसलिंग कार्यक्रम की अभी तक घोषणा नहीं की गई है । पेश है एक रिपोर्ट –

****

साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मंडरो प्रखण्ड के सांस्कृतिक भवन में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित किए गए छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान में छह प्रमुख संकेतकों पर परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिला और प्रखण्ड मंडरो में अनवरत प्रयास किए जाएंगे।

****

गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ में एक ही परिवार के दो बच्चों के शव एक नाले से बरामद हुआ है। मृतकों की पहचान आठ वर्षीय राधिका सोरेन और उसका सात वर्षीय भाई सचिन सोरेन के रूप में की गई है। मृतकों की मां सोना देवी और एक दस माह का बच्चा गायब है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरटांड़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गायब महिला और दस माह के बच्चे की तलाश में जुट गई है।

****

खूंटी जिले में बिरसा हरित ग्राम योजना किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध कर रहा है।

****

राज्य के कई स्थानों पर आज हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कल और परसों भी राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में कहीं कहीं वज्रपात की भी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है।

****

भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। आकाशवाणी से मैच का जीवन्त प्रसारण चार बजे से एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा। इधर, महिला क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी–20 मैच आज शाम सात बजे से चेन्नई में खेला जायेगा।

*******समाप्त**************